जनपद वाराणसी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रणाधीन चिकित्सालयों में आई०सी०यू०/एच०डी०यू० की निम्नानुसार व्यवस्था है-

1- पं० दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, वाराणसी तथा लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, रामनगर वाराणसी में अवस्थित वार्ड में वेन्टीलेटर एवं अन्य संशाधनों के माध्यम से योग्य चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा आई०सी०यू०/ एच०डी०यू० का संचालन आवश्यकतानुसार किया जा रहा है।

2- एस०एस०पी०जी० मण्डलीय चिकित्सालय, वाराणसी में कोरोना महामारी की तीसरी लहर की आशंका के दृष्टिगत आठ बेड का आई०सी०यू०/एच०डी०यू० क्रियाशील है, जिसमें वेन्टीलेटर एवं कार्डियक मानीटर के साथ-साथ दो एनेस्थेटिस्ट की सेवायें ली जा रही हैं। अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया गया है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नही उठता ।

**ब्रजेश पाठक**

**उप मुख्यमंत्री,**

**उत्तर प्रदेश शासन।**